卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण



♦वर्ष 25 ♦अंक 211 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦ बृहस्पतिवार ♦8 मई 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# हेलिकॉप्टर हादसे में छह की मौत, एक गंभीर

## सहस्त्रधारा से हर्षिल के लिए रवाना हुआ था एयरोट्रांस कंपनी का हेलिकॉप्टर,सीएम ने जताया शोक

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तरकाशी जिले में गुरुवार सुबह एक निजी हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा सुबह करीब 8:45 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी क्षेत्र के पास हुआ। हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम और अन्य आपदा प्रबंधन इकाइयाँ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे का शिकार हुआ हेलिकॉप्टर एयरोट्रांस कंपनी का था, जिसने सहस्त्रधारा हेलीपैड से उड़ान भरकर हर्षिल की ओर प्रस्थान किया था। हेलिकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे,जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब पौने नौ बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, फायर, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे, जिनमें छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक यात्री घायल हैं। मृतकों की पहचान 61 वर्षीय काला सोनी निवासी मुंबई , 57 वर्षीय विजया रेड्डी निवासी मुंबई , 56 वर्षीय रुचि अग्रवाल निवासी मुंबई, 79 वर्षीय राधा अग्रवाल निवासी यूपी, 48 वर्षीय वेदवती कुमारी निवासी आंध्र प्रदेश।एवं 60 वर्षीय पायलट रॉबिन सिंह निवासी गुजरात के रूप में हुई है। जबकि 51 वर्षीय मस्तू भास्कर घायल है। हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में घर में फंदे से लटका मिला मजदूर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस मौहल्ला शिव नगर ट्रांजिट कैम्प में एक मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में घर के टीन शैड़ में लगी बल्लियों में फंदे से लटका पाया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर उसे फंदे से उतारकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय हरिओम पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम लकुचा खीरी जिला लखीमपुर हाल निवासी शिवनगर ट्रांजिट कैम्प होली के बाद से अपनी पत्नी ज्योति के साथ किरायेदार के रूप में रहकर मजदूरी का काम करता था। बताया जाता है कि गत सायं करीब 4 बजे परिजनों ने हरिओम को दो मंजिल पर स्थित उसके टीन शैड वाले कमरे में बल्ली पर फंदे से लटका देखा। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गये। मामले की सूचना मिलते ही ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी मौके पर आये और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर हरिओम को फंदे से उतारकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## टेंडर कमेटी से मेयर और पालिकाध्यक्षों को हटाने का निर्णय वापस

### सीएम ने प्रतिनिधि मण्डल के अनुरोध पर दिया आदेश



देहरादून। टेंडर कमेटी से निकायों के अध्यक्षों को बाहर किये जाने के फैसले को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मेयर और पालिकाध्यक्षों के अनुरोध पर वापस ले लिया है। बुधवार देर शाम इस सम्बंध में मेयर और पालिकाध्यक्षों के प्रतिनिधि मण्डल ने सीएम धामी से मुलाकात की जिसके बाद सीएम ने पुरानी व्यवस्था को बहाल करने के आदेश दे दिये। बता दें तीन दिन पूर्व जारी शासनादेश में निकायों की टेंडर कमेटी से मेयर और अध्यक्षों को बाहर करने का आदेश दिया गया था। नये शासनादेश में शासन ने निकायों में होने वाले निर्माण कार्यों, सामग्री खरीदने सहित अन्य कार्यों के लिए समितियों का गठन करते हुए शासनादेश जारी किया था। इसके अनुसार समितियों में संबंधित निकायों के नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि मुख्य कोषाधिकारी या कोषाधिकारी इसके सदस्य होंगे। इसमें मेयर व नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्षों को शामिल नहीं किया गया।इस निर्णय से प्रदेश भर में निकायों के अध्यक्षों में असंतोष व्याप्त था। बुधवार शाम इसे लेकर महापौर विकास शर्मा, देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और टेंडर कमेटी से मेयर और अध्यक्षों को बाहर करने के निर्णय को वापस लेने की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि नये शासनादेश से निकायों (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सिडकुलकर्मी की मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

रूद्रपुर। करीब दो माह पूर्व सिडकुल क्षेत्र में गंभीर रूप से घायलावस्था में मिले सिडकुल कर्मी की उपचार दौरान हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने कोर्ट आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें उसने भाई की मौत को लेकर अज्ञात द्वारा उससे मारपीट कर उसकी हत्या कर देने का संदेह व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दर्ज रपट में रनवीर यादव पुत्र स्व. बाबू राम निवासी वार्ड 39 आवास विकास रूद्रपुर ने मैसर्स वरना लॉजिस्टिक कम्पनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## होटल में बंधक बनाकर लूटने के मामले में एक गिरफ्तार



किच्छा(उद संवाददाता)। ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से खाते में पैसा ट्रांसफर करने तथा कमीशन का लालच देकर पीड़ित को होटल बुलाने एवं आरोपियों द्वारा तमंचा दिखाकर हजारों की नगदी एवं अन्य कागजात लूटने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसी मामले में तीन आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पीड़ित से लूटी गई 1400 रुपए की नगदी तथा कागजाद बरामद करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलभट्टा थाना पुलिस को दी शिकायत में लक्ष्मी नारायण रोड, साहूकारा, थाना किला, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी फैसल रियाज पुत्र मोहसिन ने बताया था कि आरोपीगण ग्राम मलूकपुर, बाजदारान, थाना किला, जिला बरेली निवासी पत्रकार शाहबाज बेग, गोविंदपुर थाना सीबीगंज, जिला बरेली निवासी तस्लीम खान, रहपुरा जिला बरेली निवासी शाहिद अली एवं बच्चन सैफी ने पीड़ित को ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से अपने खाते में पैसा मंगवाने तथा उसकी एवज में दो प्रतिशत कमिशन देने का लालच देकर 6 मई (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में युवक की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शादी विवाह में वीडियोग्राफी करने वाले एक युवक की हल्द्वानी रोड पर टांडा मोड़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद युवक काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा, सूचना पर 108 एंबुलेंस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव जब पोस्ट मार्टम हाउस पहुंच चुका था तब पजिनों को मामले की सूचना मिली। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार रविन्द्र नगर निवासी 28 वर्षीय विभाष पुत्र स्व. सुभाष सरकार शादी विवाह में वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करता था। बताया जाता है कि कल वह दिनेशपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## ड्यूटी में लापरवाही की तो निलंबन को रहें तैयार: आईजी



काशीपुर(उद संवाददाता)। जनपद भ्रमण के दौरान 2005 बैच की आईपीएस अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल काशीपुर पहुंची। यहां उन्होंने पुलिस के अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों और साइबर ठगी के तेजी से बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने पुलिस कप्तान को अपराधिक घटनाओं पर नकेल कसने को कहा । उन्होंने साफ कहा कि जरायमपेशा कारोबार व नशे के बढ़ते चलन पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जोरदार सलामी के बाद आईजी कुमाऊं रेंज ने बीट पुलिसिंग को और मजबूत करने की बात कहते हुए लंबित पड़ी विवेचनाओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशे के तस्करों के नेटवर्क को नेस्तनाबूद करने की बात कही। कहा कि नशा बेंचकर अर्जित की गई संपत्ति को सीज किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक ने सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि पर भी चिंता व्यक्त (शेष पृष्ठ सात पर)

### सत्यापन अभियान पर भी दिया जोर

काशीपुर। कुमाऊं (नैनीताल) रेंज की आईजी एवं दबंग आईपीएस रिद्धिम अग्रवाल ने राज्य के सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्यापन अभियान को शत प्रतिशत अमल में लाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे अपराधियों की कमर टूटेगी। उन्होंने कहा कि अपराधी तत्व जो अपनी पहचान छुपा कर यहां राज्य के विभिन्न स्थानों को अपना सुरक्षित ठिकाना बनाए हुए हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। आईजी रेंज के जाने तक पुलिस अफसरों की सांसे गले में अटकी रही।

### आईजी की तल्खी देख गले में अटकी अफसरों की सांसे



काशीपुर। कड़क आईपीएस अफसर के रूप में पहचान रखने वाली पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने कुछ चौकी थानों में कच्छप गति से चल रहे कार्यों को लेकर असंतोष जताया। अपराध समीक्षा के दौरान कथित तौर पर कुछ प्रभारियों की (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश भर में की जायेगी मॉक ड्रिल: मुख्य सचिव

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में प्रदेश में नागरिक सुरक्षा पूर्वाभ्यास के सम्बन्ध में अधिकारियों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि यह पूर्वाभ्यास गतिविधियां/मॉक ड्रिल प्रदेशभर में आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह पूर्वाभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में अत्यधिक सहायक होंगे।मुख्य सचिव ने कहा कि इन पूर्वाभ्यास गतिविधियों से आमजन में किसी प्रकार का पैनिक न हो इसके लिए जनता से लगातार संवाद किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिक को इन मॉक ड्रिल और उसके लाभ से अवगत कराया जाए। आपातकालीन परिस्थितियों में सभी विभागों द्वारा क्या-क्या गतिविधियां और कार्यवाही की जानी है, उसके लिए सभी विभागाध्यक्षों द्वारा अपने स्तर से तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि यह एक पूर्वाभ्यास



कार्यक्रम है, जिससे राज्य के प्रत्येक नागरिक को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के प्रति प्रदेश के नागरिकों को जागरूक किए जाने हेतु पूरे प्रदेश में पूर्वाभ्यास गतिविधियां/मॉक ड्रिल आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि आपातकालीन एवं विपरीत परिस्थितियों में आमजन को क्या-क्या करना है या क्या नहीं करना है, इसकी जानकारी उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने विद्यालय एवं अस्पतालों में आपदा से बचाव हेतु जागरूक किए जाने पर भी जोर दिया।मुख्य सचिव कहा कि पूर्वाभ्यास के साथ ही स्थायी तौर पर आपातकालीन परिस्थितियों के लिए ठोस प्लान तैयार किया जाना चाहिए। इसके लिए राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय नागरिक सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया जाए। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर लिया जाए। उन्होंने प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं के दौरान प्रदेश में अलर्ट जारी करने के लिए सायरन सिस्टम दुरूस्त किए जाने के भी निर्देश दिए, साथ ही, एसएमएस और वॉट्सऐप सहित अन्य विकल्पों के माध्यम से अलर्ट का संदेश भेजे जाने के लिए मैकेनिज्म तैयार कर लिए जाएं।मुख्य सचिव ने कहा कि घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (आईआरएस) को मजबूतीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा एवं मानव जनित आपदा सहित युद्ध जैसी परिस्थितियों के लिए भी प्रदेश को और प्रदेश के नागरिकों को जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने इसके लिए संचार तंत्र को मजबूत किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में संचार तंत्र फेल होने पर आपातकालीन संचार व्यवस्था, वायरलैस, सैटेलाईट फोन आदि के लिए भी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने इसमें सामुदायिक सहभागिता, आपदा मित्र, मंगल दल, एनएसएस एवं एनसीसी को भी शामिल किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने बड़े बांध एवं संवेदनशील भवनों में सम्भावित खतरे की स्थिति में सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं सहित आपदा प्रबन्धन योजना तैयार रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी वाटर हाईड्रेंट्स को सुचारू किया जाएं। नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से बड़े भवनों के सुरिक्षत बेसमेंट आदि को तैयार रखा जाए।इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपक सेठ, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगोली, नितेश कुमार झा, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, चंद्रेश कुमार यादव, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय एवं सचिव विनोद कुमार सुमन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर कुमाऊं दीपक रावत, जनपदों से जिलाधिकारी, भारतीय सेना के प्रतिनिधि सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक बेहड़ की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने निकाली तिरंगा यात्रा

किच्छा (उद संवाददाता)। पहलगाम में आतंकवादियों के हमले के बाद सीमा पर आतंकवादियों के अड्डों पर सेना द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना का उत्साह वर्धन करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने नगर में तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना की जयकार की तथा आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इससे पूर्व तमाम कांग्रेसी नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के कार्यालय में एकत्रित हुए । यहां से कांग्रेसियों ने विधायक तिलक राज बिहार के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा नगर अध्यक्ष कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर के डीडी चौक होते हुए मुख्य बाजार से महाराणा चौक पर पहुंची जहां पर तमाम कांग्रेसियों ने सेना के जयकारों के साथ सीमा पर तैनात उन सभी सैनिकों का उत्साहवर्धन किया जो कि देश की रक्षा के लिए इस समय देश की सीमा पर तैनात हैं तथा ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा बने। तिरंगा यात्रा का समापन महाराणा चौक से वापस आने के बाद कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न हुआ। जहां विधायक तिलक राज बेहड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर में निर्दोष लोगों पर किए गए हमले के बाद सेना द्वारा आतंकवाद की कमर को तोड़ने के लिए जो कार्यवाही की है वह आतंकवादियों के लिए एक सबक है। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म, राजनीति से उठकर प्रत्येक भारतीय को इस समय भारतीय सेना का उत्साहवध 'न करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा सेना और सरकार द्वारा आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए जो फैसले लिए जा रहे हैं वह सभी देश हित में हैं। उन्होंने कहा कि यह वह समय है जब आतंकवाद को समाप्त करने के लिए आतंकवाद को पाल रहे संरक्षण दाताओं को उनके ही घर में ही उनकी कब्र बना दी जानी चाहिए। आतंकवादी के ठिकानों को चुन-चुन कर समाप्त कर देना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी आतंकवादी भारत की ओर आंख उठाकर देखने की हिमाकत न करें। कांग्रेस पार्टी भारतीय सेना के साथ है तथा जरूरत पड़ने पर कांग्रेस पार्टी हर वह कदम उठाएगी जो सेना के हित में होगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश प्रताप सिंह ने भी युवाओं से आह्वान किया कि वह देश की रक्षा एकता अखंडता के लिए हमेशा तैयार रहे। इसके अलावा निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, एनयू खान, सुनीता कश्यप, नजाकत खान, जीवन जोशी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जगरूप सिंह गोल्डी, हाजी सरवर यार खान सहित सैकड़ो कांग्रेसी मौजूद रहे।



# एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान, 115 वाहनों के चालान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। परिवहन विभाग की टीम ने सघन चेकिंग अभियान में नियमों का उल्लंघन करने पर 115 चालान काटकर जुर्माना वसूल किया। जबकि 16 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गयी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार के नेतृत्व में किच्छा रोड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 115 के चालान काटे गये। जबकि 16 वाहनों को सीज किया गया। सात वाहनों का ओवरलोडिंग में चालानि किया गयां इसके अलावा ओवर हाईट में 9 , बिना परमिट 2, बिना फिटनेस 7, बिना टैक्स 9 चालान काटे गये। इसके अलावा सीट बैल्ट, प्रदूषण सर्टिफिकेट, बिना हेलमेट, ओवर स्पीड में भी कई वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गयी। चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा। एआरटीओ नवीन कुमार ने कहा कि चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण आये दिन सड़कों पर हादसे बढ़ रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जायेगा।



# जेसीज की आंचल वर्मा का पेंचक सिलाट में उत्कृष्ट प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर की दसवीं कक्षा की छात्रा आंचल वर्मा ने खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट जूनियर नेशनल लीग 2025 में अंडर-39 किलोग्राम वर्ग में टैन्डिंग स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है ।यह स्पर्धा महाराष्ट्र के मुंबई स्थित क्राइस्ट एकेडमी स्कूल में आयोजित की गई थी। आंचल को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 8000 का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने आंचल को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा उसके शानदार प्रयास की सराहना करते हुए उसे 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया । उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए खेलसहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा । विद्यालय के प्रधानाचार्य आर० डी० शर्मा ने आंचल और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ी प्रशिक्षण मैदान से लेकर भव्य मंच तक खेल जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ते है। खेल के प्रति उनका समर्पण और जुनून सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय के निदेशक श्री सुधांशु पंत, सभी अनुभाग प्रमुखों तथा समस्त शिक्षकों ने भी उसकी असाधारण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।



# आदित्य चौक पर केंटर, डम्पर व टेम्पो भिड़े

## घायलों को शुक्ला ने पहुंचाया चिकित्सालय

किच्छा (उद संवाददाता)। गत रात्रि आदित्य चौक के पास अनियंत्रित डम्पर व केन्टर के साथ ही सवारियों से भरे टेम्पो की हुई भिड़ंत में कई लोगों को चोटें आ गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने घायलों का उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। इस जोरदार भिड़ंत में निकली चिंगारी से एक वाहन में मामूली आग लग गई जिसे दमकल कर्मियों ने तत्काल पहुंचकर बुझा दिया। बताया जाता है कि बजरी से भरा डंपर रुद्रपुर से बरेली की ओर जा रहा था इसी दौरान दूसरी साइड से दुग्ध वाहन कैंटर एसबैंड पर क्रॉस करते हुए किच्छा की ओर आ रहा था। इसी दौरान दोनों वाहन एक दूसरे से टकरा गये तथा एक दूसरे के ऊपर चढ़ गए। इस दौरान किच्छा से रुद्रपुर को जा रहा टेंपो जिसमें चार सवारियां थी वह भी इस दुर्घटना की चपेट में आ गया। टेंपो में सवार सवारियां सुरक्षित बच गई जबकि चालक घायल हो गया। दुग्ध कैंटर और डंपर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर कैंटर के ऊपर चढ़कर पलट गया और कैंटर का चालक अखिलेश उसी में फंस गया जिसको वहां से गुजर रहे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं ने अपने साथियों एवं आसपास मौजूद लोगों की मदद से बाहर निकल गया और अस्पताल भिजवाया गया। इस दौरान सड़क दुर्घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा दमकल की गाड़ी को भी बुला लिया गया । सूचना मिली थी की टक्कर की वजह से एक वाहन में आग लगी है दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर सुलग रही मामूली आग पर काबू कर लिया। इस दौरान क्रॉसिंग पर लगी लाइट को देखकर के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का पारा चढ़ा हुआ नजर आया उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लाइट व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। बताते चलें कि एस बैंड के पास स्थित क्रॉस पर एनएच द्वारा लाइट व्यवस्था तो की गई है किंतु लाइटें पूर्ण रूप से बंद है। जिसको देखकर पूर्व विधायक का भी पारा चढ़ा हुआ दिखाई दिया।



# दो साल से फरार वांछित गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना रुद्रपुर पुलिस ने दो साल पूर्व धारा 34, 307, 427, 147, 148, 149, 436, 323, 504, 506 भा0द0वि0 के तहत दर्ज मुकदमे से संबधित से फरार वांछित अभियुक्त मंगल सिंह पुत्र जसवंत सिंह, निवासी नई बस्ती, खानपुर, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) को मुखबिर की सूचना पर करतारपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्यवाही की गयी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ,देवेंद्र सिंह मेहता, मोहन जोशी, अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल गणेश धानिक, अजय रावत आदि शामिल रहे।



# अधिकारियों ने जानी बालिकाओं की समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशानुसार स्कूलों में दूसरे चरण में ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओष् की कार्यशाला शुरू हो गई है। इसी क्रम में गत दिवस डीएवी स्कूल में कार्यशाला का आयोजित की गई। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभिन्न विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। बाल विकास अधिकारी शिल्पा जोशी को बालिकाओं से वार्ता करते हुए ऐसे स्थानों के बारे में पूछा जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं। साथ ही अपना नंबर भी साझा किया। उन्होंने बताया कि पिछली कार्यशालाओं में चिन्हित स्थानों पर समस्त संबंधित विभागों द्वारा लगातार कार्यवाही भी की जा रहा है। साथ ही उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट को बताया कि कोई बालिका तीन दिन से अधिक बिना कोई सूचना दिए अनुपस्थित है, तो उनके अभिभावक से शीघ्र संपर्क स्थापित करने के लिए कहा गया। बालिकाओं से पिछली कार्यशाला का फीडबैक भी



लिया गया। सुपरवाइजर प्रियंका आर्या ने बाल विवाह एवं घरेलू हिंसा की जानकारी दी। प्रोबेशन कार्यालय से काउंसलर तबस्सुम ने बालिकाओं को उत्तराखंड पुलिस ऐप एवं हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। बालिकाओं द्वारा विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया गया और साथ ही बताया गया कि चिन्हित जगहों पर आराजत्व झुंड बनाकर कुछ बैंक्वेट हॉल, दुकानों, होटल्स एवं ठेलों पर खड़े रहते हैं। कार्यशाला मे बालिकाओं ने कुछ सुझाव भी पेश किए जैसे साइबर अपराध से सम्बन्धित कार्यशाला, अभिभावक एवं बालकों के लिए कार्यशाला, शराब की दुकानों, ढाबों, होटलों का लगातार निरीक्षण, बाइक एवं गाड़ियों को तेजी से दौड़ाने पर कार्यवाही, बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेन्स की ट्रेनिंग, चिन्हित जगह पर लगातार पुलिस पेट्रोलिंग, गलियों में स्ट्रीट लाइट, ऑटो एवं ई रिक्शा स्टैंड पर एवम अन्य चिन्हित स्थानों पर गश्त आदि। इस कार्यशाला में चिन्हित स्थानों और कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को दोबारा शुरू करने का उद्देश्य पहले हुई कार्यशाला का फीडबैक एवं नई जगह चिन्हित करना है। जिससे भय मुक्त वातावरण बन सके जहां बालिकाएं स्वयं को असुरक्षित ना महसूस करें और विश्वास के साथ कहीं भी आ जा सके, उन्हें आने जाने में भय ना लगे और जिस भी क्षेत्र में छेड़छाड़ या बच्चियों को असुरक्षा महसूस हुई है उनमें जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है।कार्यशाला में स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षिकायें, बालिकाएं आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना ने देश का बढ़ाया गौरव: ठुकराल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पाकिस्तान के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक कार्रवाई बताया है। जारी बयान में पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पिछले दिनों कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष 26 भारतीय नागरिकों की नृशंस हत्या करके कायराना हरकत की थी। जिसके जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान पर एयर स्ट्राईक करके 90 आतंकवादियों को मारकर सम्पूर्ण विश्व में भारत का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व की बात है।




बिकाऊ है

सकैनिया रोड पर मुख्य सड़क से 100 फिट अन्दर स्थित मजराशीला में मस्जिद के साथ 1100 वर्ग फिट में बना कार्नर का मकान बिकाऊ है

-संपर्क करें-

9639144375

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर व्यापारियों ने किया मिष्ठान वितरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक छाबड़ा, चेयरमैन मनोज गुंबर और मिष्ठान एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश गुंबर के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। इस दौरान मुख्य बाजार में देशभक्ति से ओतप्रोत आयोजन कर भारत की सैन्य शक्ति को नमन किया। आयोजित विजय-उत्सव में मिठाई वितरण कर वीरता का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हिंदुस्तान का झंडा लहराकर संकल्प लिया गया कि यदि शत्रु राष्ट्र ने पुन: भारत की ओर कुदृष्टि डाली,तो इससे भी घातक सर्जिकल प्रहार उसकी प्रतीक्षा करेगा। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा,



अब प्रत्येक आँच का उत्तर अग्निवाणी से दिया जाएगा। इस राष्ट्रगौरव आयोजन में स्थानीय नागरिकों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही, जहाँ हर चेहरा भारतीय सेना के शौर्य से गौरवान्वित प्रतीत हो रहा था। ऑपरेशन सिंदूर को आतंक के विरुद्ध निर्णायक प्रहार मानते हुए, उपस्थितजनों ने सेना को शत-शत नमन किया।कार्यक्रम में सभासद रमन छाबड़ा,रमेश हुड़िया, सोमनाथ छाबड़ा,दीपक हुड़िया,किशोर सिंधी, केवल गुंबर,डा.संजय हुड़िया, आकाश कोचर,ब्रीत चुघ सहित तमाम व्यापारी थे।

# 51 ग्राम हेराईन सहित दो तस्कर दबोचे

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 51.72 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की है। बुधवार की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि दो तस्कर नशे का सामान लेकर तस्करी करने के लिए जा रहे हैं जिस पर उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं कांस्टेबल दीपक बोरा के अलावा ए एन टी एफ कांस्टेबल विनोद खत्री व कांस्टेबल दिनेश चंद्र आदित्य चौक के पास हल्द्वानी रोड पर शिव इलेक्ट्रॉनिक धर्म कांटे के पास एकत्रित हुए तथा तलाशी अभियान शुरू किया तो एक मोटरसाइकिल में दो लोग आदित्य चौक से हल्द्वानी को जाते हुए दिखाई दिए वाहनों की चेकिंग किए जाने की सूचना पर दोनों मोटरसाइकिल सवाल वापस मोड़कर भागने लगे जल्दबाजी के चलते दोनों संदिग्धों की मोटरसाइकिल बंद हो गई शक होने पर मौके पर मौजूद ए न टी एफ और कोतवाली पुलिस की कर्मचारियों ने दोनों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान मोटरसाइकिल



चालक ने अपना नाम ओम बाबू पुत्र सतपाल निवासी डांडिया नजमुल निशा थाना कोलाडिया जिला बरेली बताया तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अजय पाल पुत्र मदनलाल निवासी डांडिया नजमुल निशा थाना कुलड़िया बताया। दोनों की तलाशी लेने पर दोनों के पास से क्रमश: 51.72 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस द्वारा दोनों अभिव्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की जा रही है।

# 3.18 लाख में कर दिया सरकारी बंजर भूमि का सौदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम भमरौला में सरकारी बंजर भूमि को अपना बताकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को 3.18 लाख रूपये में प्लाट का सौदाकर उसे बेच दिया और उसकी रजिस्ट्री कराकर बेनामा भी करा दिया। बाद में सच्चाई सामने आने पर सौदागरों ने न तो रूपया वापस किया और न ही अन्य स्थान पर भू खण्ड उपलब्ध कराया। साथ ही उसे जान से माने की धमकी दे ड़ाली। कोर्ट के आदेश पर आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में परविन्द कुमार पुत्र रामजी सिंह निवासी ग्राम भगचुरी पोस्ट नौसर थाना खटीमा हाल निवासी सनसिटी बिगवाड़ा ने रवि शंकर शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ला निवासी शुक्ला फार्म रूद्रपुर, अरविन्द कुमार शर्मा पुत्र जगत स्वरूप शर्मा निवासी प्रीत नगर किच्छा व सन्तोष मणि त्रिपाठी पुत्र नामालूम हाल निवासी खेड़ा रूद्रपुर के विरूद्ध कहा है कि उसकी मुलाकात वर्ष 2013 में रवि शंकर शुक्ला , अरविन्द कुमार शर्मा तथा सन्तोष मणि त्रिपाठी हुई तो उन्होनें बताया कि वे लोग ग्राम भमरौला में आवासीय प्लाटिंग कर रहे हैं। वह प्लाट लेने को तैयार हो गया और कुल तीन लाख अठ्ठारह हजार रूपये उक्त लोगो को अदा किये। 5 अगस्त 2013 को माता जी श्रीमती सरोज देवी पत्नी रामजी निवासी ग्राम भगचुरी, खटीमा के नाम से आवासीय प्लाट रजिस्ट्री बैनामा हो गया। इसके बाद दाखिल खारिज भी हो गया। उसका कहना है ढ़ाई वर्ष पूर्व वह मौके पर गया तो जानकारी मिली कि चौहद्दी दर्शाकर उक्त लोगो ने जो प्लाट बेचा था वह वर्ग 1क संक्रमणीय अधिकारी वाली भूमि न होकर बंजर (सरकारी) भूमि है जो कि उक्त लोगो ने गलत व कूटरचित खतौनी व असल तथ्य छुपाकर धोखाधड़ी से उसके रूपये हड़पने के लिए जानबूझकर ऐसा किया। उसने उक्त लोगो से सही प्लाट देने या रूपया वापस करने के लिए कहा तो उक्त लोग टाल-मटोल कर बंजर भूमि पर कब्जा कर मकान बनाने के लिए दवाब बनाने लगे जिसको उसने इन्कार कर दिया। आरोप है अपने साथियों के साथ जब उनसे मिलने गया तो उन्होंने कहा अब आगे से कभी प्लाट या रूपये की बात की या कानूनी कार्यवाही की या रिपोर्ट लिखाई तो जान से मार देंगें। मामले की शिकायत पुलिस से करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत दस मई को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनपद में 10 मई को प्रात: 10 बजे से सांय 05 बजे तक रूद्रपुर सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटीगेशन के वादों का निस्तारण किया जाएगा जैसे- भरण पोषण, धन वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, अपराधिक शमनीय व सिविल मामले इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लम्बित शमनीय प्रकृतिक के आपराधिक वाद/अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट, धन वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम विवाद, विद्युत व जल कर बिल संबंधित, वैवाहिक मामले तलाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण, भुगतान व भत्तों से सम्बन्धित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लंबित राजस्व वाद, मोटर वाहन अधिनियम के शमनीय अपराधों के चालान, सिविल मामले (किरायेदारी, सुखाधिकार, व्यादेश) का निस्तारण किया जाएगा। उन्होने अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अपने वादों/मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवाना चाहते हैं वे सम्बन्धित न्यायालय में किसी भी कार्य दिवस में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपने वादों को नियत करवा सकते है या जिला न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर केन्द्र रूदुपर में स्वयं अथवा अधिवक्ता के जरिये अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने कहा है कि अधिक जानकारी के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर एडीआर केन्द्र रूद्रपुर के हैल्प डैस्क नं0-9411531449, फोन नं0-05944-250682 पर सम्पर्क कर सकते है।

# डिप्लोमा कोर्स की वार्षिक परीक्षा सम्पन्न

किच्छा(उद संवाददाता)। मानव संसाधन शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली (भारत सरकार) के तत्वाधान में संचालित कौमी काउंसिल बराए फरोगे उर्दू जबान के एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स की वार्षिक परीक्षा नगर स्थित सेंट मैरी स्कूल परिसर स्थित केंद्र में संपन्न हुई। नगर के आवास विकास स्थित प्रशिक्षण केंद्र में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इन उर्दू लैंग्वेज की वार्षिक परीक्षा पूर्णत: अनुशासन एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। उर्दू टीचर प्रधानाध्यापिका हुमा रहमान एवं सेंटर प्रबंधक एम रहमान अंसारी ने बताया कि सत्र 2024-25 में जिन प्रशिक्षणार्थियों ने कोर्स के लिए आवेदन फार्म भरे थे, उन अभ्यार्थियों



की वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई है तथा प्रतिभागियों के उत्तीर्ण होने की दशा में नवंबर- दिसंबर माह में डिप्लोमा वितरित किए जाएंगे। प्रबंधक एम रहमान ने सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। मौके पर परीक्षा प्रभारी कशिश मलिक, सह प्रभारी आमिर अंसारी, सलमान अंसारी एवं विद्यालय स्टाफ किरण कोली, शहजेब, आलिया, मीना, मंतशा अंसारी, गुलिस्ता, प्रियंका, आलिया अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सेना ने पाकिस्तान को दिया मुँहतोड़ जवाब :शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने जारी बयान में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान जहाँ आतंक की फैक्ट्री चलती है उनको मिट्टी मे मिलाने की बात कही थी। जिसके बाद सेना ने संयुक्त ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत जिस प्रकार से पाकिस्तान मे जेहादियों के आतंकी अड्डों को एयर स्टाइक कर नेस्तानाबूत कर मिट्टी मे मिलाने का कार्य किया है। पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है देश की सेना ने एक बार फिर से साबित कर दिया है भारत घर मे घुस कर मारता है। विधायक ने इस ऐतिहासिक कार्य के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़संकल्प ओर सेना के पराक्रम को साधुवाद किया। विधायक अरोरा ने कहा आतंकियों के 9 अड्डे मिसाइल



अटैक में मिट्टी मे मिल गये जिसमें भारत के निर्दोष नागरिकों को मारने वाले आतंकी व उनके आका मिट्टी मे मिल गये। विधायक शिव अरोरा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर गर्व है जिनके निर्देशन मे भारतीय सेना के इस निर्णायक कार्यवाही को सफल बनाया, विधायक ने कहा हमको भारतीय सेना पर सदैव गर्व है जिसने भारत के मान को आगे बढ़ाने का कार्य किया। पाकिस्तान जो आतंक का अड्डा बन चुका था उसको एयर स्टाइक कर मुँहतोड़ जवाब दिया है । इस कठोर कार्यवाही से बड़ी संख्या मे आतंकी मिट्टी मे मिल गये, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार मजबूत हुआ है जिसका मौजूदा उदाहरण यह भारतीय सेना द्वारा की गई निर्णायक कार्यवाही जिसने पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद की कमर तोड़ दी है।

# चारधाम यात्रा,राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों की बढ़ाई जाए सुरक्षा : सीएम

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक के बाद सीएम धामी ने ली उच्चस्तरीय बैठक,लोगों से की अफवाहों से बचने की अपील

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परिस्थितियों को देखते हुए चारधाम यात्रा, उत्तराखंड में स्थित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बांधों और ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतेजाम किये जाएं। उन्होंने शासन, प्रशासन और पुलिस को भी अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये हैं। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करने के बाद, मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे राज्य के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए जाएं, सीमांत क्षेत्रों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि इस समय राज्य में चारधाम यात्रा चल रही है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री प्रतिभाग कर रहे हैं, इसलिए यात्रा मार्ग सहित चारों धामों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कई राष्ट्रीय महत्व के प्रतिष्ठान हैं, इन संस्थानों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की आपात स्थिति के लिए जिला और तहसील स्तर पर खाद्यान सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाये रखी जाए। अस्पतालों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए अलर्ट रखा जाए। सभी आवश्यक दवाओं का पूर्ण प्रबंध किया जाय। उन्होंने कहा




कि नागरिक सुरक्षा दल और स्वयंसेवी संस्थाओं को बचाव और राहत कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को भी सही सूचनाओं के साथ सतर्क किया जाए, साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाए कि जन सामान्य के पास हर तरह से सही और प्रमाणित सूचनाएं ही पहुंचे, ताकि वो अफवाह से दूर रह सकें। साथ ही अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती की जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से इस पर लगातार निगरानी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़ते हुए, कार्मिकों के अवकाश मंजूर न किए जाएं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को अपने-अपने जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि शासन दृ प्रशासन हर तरह से मदद के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बल उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विशेष आभार व्यक्त किया है। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव शैलेश बगोली, वीके सुमन शामिल हुए।

# मुख्य सचिव ने की पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली एवं चल रहे कार्यों एवं आगामी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन प्रदेश की बैकबोन है। उन्होने निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा और धार्मिक पर्यटन के साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों को भी विकसित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि शीतकालीन चारधाम यात्रा के लिए अभी से तैयारियां शुरू करते हुए हितधारकों से भी संवाद किया जाए। उन्होंने कहा कि टिहरी झील रिंग रोड परियोजना का सतत् एवं समावेशी प्लान तैयार किया जाए, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले एवं रोजगार भी उत्पन्न हो। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में क्वालिटी टूरिज्म पर भी फोकस किए



जाने की आवश्यकता है। इसके लिए साहसिक पर्यटन, ट्रैकिंग और अन्य गतिविधियों को बढ़ाए जाने के लिए योजनाएं तैयार की जाएं। सभी योजनाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के लिए कैलेंडर तैयार किया जाए। उन्होंने मानसखण्ड मंदिर माला के प्रथम चरण के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने संस्कृति विभाग की समीक्षा के दौरान एक राज्य स्तरीय संग्रहालय बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लोककलाओं एवं लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश के अभिलेखागारों को अपग्रेड करते हुए उनका डिजिटाइजेशन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून स्थित हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र का वार्षिक कैलेण्डर तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित लोक गीत, लोक नृत्य, लोक नाटकों के वास्तविक रूप को जीवंत रखने के लिए नाट्य शिविरों के आयोजन के साथ ही रंग मंडलों की स्थापना की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक दलों के गठन किये जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, युगल किशोर पंत, अपर सचिव अभिषेक रोहिला एवं निदेशक संस्कृति श्रीमती बीना भट्ट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।






# वैश्य समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में किया है सहयोग: कपिल अग्रवाल

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून में एक निजी होटल में अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महासम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दिया है। राष्ट्र को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए वैश्य समाज ने अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मुगल काल में हिंदुओं पर अत्याचार हुए। हिंदुओं को धर्म परिवर्तन करने के लिए विवश किया गया। हिंदू समाज की कई जाति के लोगों ने धर्म परिवर्तन किया। परंतु वैश्य समाज ने मुगलों के अत्याचार सहे,परंतु धर्म परिवर्तन नहीं किया। अग्रवाल ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए वैश्य समाज का महान योगदान है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा कि समाज सेवा के कार्य में वैश्य समाज सबसे आगे है। उन्होंने जाति जनगणना के समय वैश्य समाज के सभी लोगों से अपने नाम के आगे वैश्य लिखने की अपील की। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय वैश्य समाज उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल गोयल ने कहा कि महासम्मेलन में उत्तर भारत के नौ राज्यों के सौ से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिन राज्यों में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा,चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पंजाब के प्रतिनिधि शामिल थे। महासम्मेलन को



अंतरराष्ट्रीय महामंत्री राजीव मित्तल, उत्तराखंड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता, प्रदेश सचिव दीपक सिंघल, युवा वैश्य महासम्मेलन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष लच्छू गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रमा गोयल आदि ने संबोधित किया। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में उत्तराखंड सरकार से इस्तीफा देने वाले कैबिनेट मंत्री रहे प्रेमचंद्र अग्रवाल का मुद्दा छाया रहा। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता ने उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री रहे प्रेमचंद्र अग्रवाल का मुद्दा बड़ी बेबाकी से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद्र अग्रवाल को साजिश के तहत फंसाया गया और उन्हें इस्तीफा देने को मजबूर किया गया। हम लोगों को बड़ी मजबूती के साथ अग्रवाल जी का पक्ष रखना चाहिए था और समाज को इस मामले में बड़ा आंदोलन करना चाहिए था। इस मुद्दे पर सुधीर कुमार गुप्ता की बात का सभी ने पुरजोर समर्थन किया। सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रेमचंद्र अग्रवाल उत्तराखंड में जन्मे है और यही बड़े हुए हैं और उनको कुछ लोग साजिश के तहत बाहरी व्यक्ति बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद उत्तराखंड में जन्मा हूं और मैंने राज्य के विकास के लिए कार्य किया है। कल हमें भी लोग साजिश के तहत बाहरी बताने लगेंगे। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कपिल अग्रवाल ने भी सुधीर कुमार गुप्ता के प्रेमचंद्र अग्रवाल का मुद्दा उठाए जाने का समर्थन करते हुए कहा कि समाज को इस मामले में और अधिक एकता दिखाते हुए प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र भेजने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही उसकी शक्ति है।




# आईजी ने बताया मॉक ड्रिल का उद्देश्य

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र, श्रीमती रिधिम अग्रवाल द्वारा मॉक ड्रिल के सम्बन्ध में एमएचए द्वारा जारी की गयी गाइड लाइन के अनुसार मुख्यमंत्री एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत निर्देशों के क्रम में समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने जनपदों के थाना क्षेत्रातान्तर्ग लोगों को जागरुक करते हुए उनको मॉक ड्रिल के उद्देश्यों के बारे में जानकरी दें कि उनको इस अभ्यास को लेकर किसी प्रकार का तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। इस अभ्यास का उदेश्य लोगों को आपात स्थिति में खुद को बचाने और दूसरों की मदद के लिए प्रशिक्षण देना है। यह आपदा प्रबन्धन की समझ को बढावा देता है और नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रखने में मदद करता है, इसमें किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल से जनता को घबराने की बिल्कुल भी कोई आवश्यकता नहीं है। यह पूर्व निर्धारित और योजनाबद्द अभ्यास है। इस मॉक ड्रिल का यह भी उद्देश्य है कि आपात कालीन स्थिति में अर्धसैनिक बलों, पुलिस बलों, सिविल फोर्सों व वॉलिन्टयर्स कितने सक्रिय है, उनका रिस्पांस टाइम कितना है, आपातकालीन स्थिति में किस प्रकार कार्यवाही करेंगे। आईजी कुमायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि अन्य सम्बन्धित विभागों चिकित्सा, अग्निशमन, आपदा आदि से समन्वय स्थापित कर यह एक पूर्व नियोजित अभ्यास किया जा रहा है। इससे किसी को तनावग्रस्त होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने जनपदों में सोशल मीडिया के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें। इसके साथ ही आईजी कुमायूँ द्वारा समस्त जनपद प्रभारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश निर्गत किये गये। जिनमें जनपद के प्रमुख स्थानों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ायें जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए विशेष रूप से धार्मिक स्थलों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों की चौंकिग की जाए, भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ मिलकर पेट्रोलिंग कर नियमित रूप से चौंकिंग सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त सीमावर्ती गॉवो के लोगों से संवाद बनाए रखें ताकि वे भी जानकारी देने में सहयोग करेंगे। सोशल मीडिया पर प्रसारित झूठी अफवाहों को रोकने के लिए सोशल मीडिया सैल को सक्रिय करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर अफवाह फैलाने वाले पोस्टों की पहचान कर सम्बन्धित व्यक्तियों के विरूद्व आईटी एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।जनपद में स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरों को चौक कर लिया जाए सभी कैमरें कार्यशील स्थिति में होने चाहिये। किसी भी विषय में जैसे बाढ़, आग, भूकंप, आपदा या किसी अन्य आपात कालीन स्थिति से निपटने हेतु ''मॉक ड्रिल'' का आयोजन किया जाए। जिसमें प्रशासनिक अधिकरी, पुलिस, स्वास्थ्य सेवा, आपदा प्रबंधन टीम और अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आम जनता को सोशल मीडिया के माध्यम से समझाना जरूरी है कि यह एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है, जो किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास करने के लिए होती है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की वास्तविक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर उचित प्रतिक्रिया हेतु तैयार करना है। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, हैलीपैड आदि स्थानों पर बीडीएस एवं डॉग स्क्वाड से औचक चैंकिंग कराया जाना सुनिश्चित करें।



# एयर स्ट्राईक के बाद पुलिस अलर्ट

रुद्रपुर। एसएसपी ने एयर स्ट्राइक संबंधी कार्रवाई की संवेदनशीलता के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों तथा चौकी प्रभारीयों को जनपद बॉर्डर पर संघन चौकिंग करने और संदिग्ध, असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही थाना एरिया,बॉर्डर पर पुलिस बल की भौतिक रूप से मौजूद बनाए रखने को भी निर्देशित किया गया। इसी के तहत पुलिस ने



जनपद के बॉर्डर क्षेत्रों पर संघन चैकिंग शुरू कर दी है। पुलिस ने कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र रामपुर बार्डर पर एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह ने वाहनों समेत पैदल आने वालों की चैकिंग की। इसके अलावा थाना केलाखेड़ा, सितारगंज, गदरपुर, काशीपुर पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों में आने वालों और संदिग्धों की चेकिंग की। खटीमा से लगी नेपाल बार्डर पर अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने चैकिंग की।

# कीटनाशक दवा का हुआ छिड़काव

हल्द्वानी (उद संवाददाता )। सीएम पुष्कर धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में संपूर्ण नगर अंतर्गत फॉगिंग तथा लार्वासीडल के छिड़काव हेतु नगर निगम द्वारा रोस्टर तैयार कर रोस्टर के अनुसार नगर के वार्ड संख्या 01 तथा वार्ड संख्या 60 से नगर में फॉगिंग तथा लार्वासीडल के छिड़काव कार्य को प्रारंभ किया गया।



फॉगिंग कार्य हेतु 01 छोटी तथा 01 बड़ी फॉगिंग मशीन प्रयुक्त की जा रही है तथा लार्वासीडल छिड़काव ट्रैक्टर के द्वारा किया जा रहा है। इमर्जेंसी की स्थिति में टीम टी-3 का भी गठन किया गया है जो कि किसी क्षेत्र मे कोई डेंगू का मामला निकलता है, तो वहां फॉगिंग करेगा। इस सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने अवगत कराया कि सभी वार्डों में रोस्टर के अनुसार फॉगिंग की जाएगी।

# विधायक अरोरा ने बागवाला इंटर कॉलेज मे कक्षों व प्रयोगशाला का किया लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने बागवाला इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत 66 लाख की लागत से स्वीकृत हुऐ छात्र छात्राओं हेतु दो कक्षाओं व तीन विज्ञान प्रयोगशाला के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा का राजकीय बागवाला इंटर कॉलेज पहुँचने पर स्कूल प्रबंधन व स्थानीय लोगो द्वारा पुष्प भेट कर स्वागत किया गया। विधायक शिव अरोरा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते करते हुऐ कहा कि राजकीय बागवाला इटंर कॉलेज जिसमे 800 के आस पास छात्र छात्राये अध्ययनरत है ओर इस क्षेत्र के सबसे सफल इटंर कॉलेज मे माना जाता है, जहाँ इतनी बड़ी संख्या मे बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है भवन व प्रयोगशाला निर्माण कार्य होने से बच्चों को प्रयोगशाला सुविधा व दो ओर भवन निर्माण होने से बेहतर सुविधा मिलेगी, निश्चित रूप से यह बच्चे हमारा भविष्य है इनकी शिक्षा व सुविधा कि चिंता करना हमारा दायित्व है। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से विधायक बनने के बाद से रुद्रपुर मे शिक्षा के क्षेत्र मे काफी प्रयास किये गये है जिसमे केंद्रीय विद्यालय रुद्रपुर के एनझा कॉलेज मे संचालित होने जा रहा है वही एक नये इंटर कॉलेज के प्रस्ताव मे जमीन हस्तात्रण का कार्य चल रहा है तो वही 2026 के अंत तक रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज मे एमबीबीएस की कक्षाएं प्रारम्भ करने का प्रयास है जिसके बाद रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर बनकर बच्चे उत्तराखंड व देश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दें। विधायक आरोरा ने कहा बच्चों कि शिक्षा को बेहतर बनने की दिशा मे प्रदेश कि धामी सरकार निरंतर कार्य कर रही है ओर सरकारी इंटर कॉलेज मे बच्चों के शिक्षा का स्तर काफी बेहतर हुआ है जिसका परिणाम है राजकीय बागवाला इंटर कॉलेज मे बच्चों कि संख्या काफी अधिक है ओर यहाँ के शिक्षक भी बच्चों के शिक्षा के स्तर को निरंतर बेहतर बनाने का कार्य कर रहे है। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, खण्ड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, अमित नारंग, प्रधानाचार्य राजकुमार चौधरी, राजेश डाबर, जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, मंदीप वर्मा, निर्मला देवी, विजेंद्र चौधरी, जीतेन्द्र बठला, हरीश भट्ट , कुलदीप चंद, राजीव शुक्ला, नीरज यादव, बाबूराम पासवान, बाबू सैनी, पंकज, अनिल भरद्वाज, सुनीता साहनी, सुरेंद्र चौधरी, राजेश दुबे, भरत मिश्रा, कावल सिंह, गुरबाज सिंह, आशीष आदि अन्य लोग मौजूद रहे।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा लहराकर मनाई खुशियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पहलगाम में आतंकियों द्वारा 27 पर्यटकों की पहचान पूछकर की गई निर्मम हत्या के बदले में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान सीमा के भीतर जाकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत लड़ाकू विमानों से आतंकवादियों के अड्डों को मिट्टी में मिला देने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारियों ने तिरंगा झंडा फहराया और देश तथा सेना के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर खुशियां मनाई। संजय जुनेजा ने कहा कि देश की जाबांज सेना ने अपने पराक्रम व सटीक रणनीति से यह साबित कर दिया है कि वह विश्व की मजबूत सेना है। जो अपने उद्देश को हर हाल में पूरा करके ही दम लेती है। उन्होंने कहा कि आज न सिर्फ संपूर्ण देशवासी सेना के पराक्रम की सराहना कर रहे हैं वहीं विश्व के तमाम देश भारतीय सेना के शौर्य को देखकर हतप्रभ हैं। जुनेजा ने कहा यदि पाकिस्तान ने अपने देश में आतंकवादियों को तैयार करने की फैक्ट्रियां बंद नहीं की तो भविष्य में विश्व के नक्शे से पाकिस्तान का नामोनिशान मिट जाएगा। इस दौरान मनोज छाबड़ा,पवन गाबा पल्ली, राजेश कामरा, लक्ष्मण दास बांगा, नवीन बांगा, अंशुल अग्रवाल, अमित बांगा, अशोक बांगा,सोनू चावला, राजकुमार सीकरी, कपिल सचदेवा, अमित मोंगा, शेरू चौहान, गौरव बब्बर, सतीश अरोरा, निशांत ढल्ला, राकेश बांगा, हार्दिक बांगा,प्रदीप कामरा, लविश छाबड़ा, प्राण ठक्कर, राजू ढल्ला, सचिन पुंशी, मोनू अग्रवाल, सुधीर ग्रोवर, पंकज कक्कड़, दीपक ग्रोवर सहित दर्जनो व्यापारी थे।




# नगर निगम ने खुले में मांस बेचने वालों के काटे चालान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने अटरिया मार्ग पर खुले में मांस बेच रहे दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कई दुकानों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। औचक छापेमारी से दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। नगर निगम की टीम ने मांस विक्रेताओं को खुले में मांस न बेचने की हिदायत भी दी। खुले में मांस बेचने की शिकायत मिलने पर महापौर विकास शर्मा एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डा. हर्षपाल सिंह चंडोक के नेतृत्व में पर्यावरण पर्यवेक्षक मुकेश राजौरिया और राजपाल चौधरी की टीम ने अटरिया रोड स्थित चिकन और मछली की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण से दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान कई दुकानों में नियमों को ताक पर रखकर मांस बेचा जा रहा था। छह दुकानों में खुले में मांस बेचने पर इनके खिलाफ चालान की कार्रवाई गयी साथ ही खुले में बेचा जा रहा मांस भी जब्त किया गया। चालान की कार्रवाई में छह दुकानदारों से 3 हजार रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. हर्षपाल सिंह ने मांस विक्रेताओं को भविष्य में खुले में मांस न बेचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मांस की दुकानों की चेकिंग का अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही कहा कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।



# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने दिखाया पराक्रम:शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक संचालित ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस साहसिक अभियान पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब केवल सहन करने वाला राष्ट्र नहीं रहा। हमारी बेटियों के सिंदूर पर उठने वाली हर नजर को करारा जवाब मिलेगा। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता और स्वाभिमान का प्रतीक है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। यह हमारे शूरवीर जवानों का पराक्रम और प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्णायक नेतृत्व का नतीजा है। 56 इंच का सीना अब सिर्फ नारा नहीं, यह देश की नई नीति बन चुका है। आतंकवाद का जवाब अब उसी की भाषा में दिया जाएगा। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने दीन दयाल उपाध्याय चौक पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आतिशबाजी कर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रगौरव का जश्न मनाया और कहा, "हम सब एक हैं, सारा भारत एक है। जब बात मातृभूमि की रक्षा की हो, तो भारत की सेना और नेतृत्व किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। आतंकवाद के खिलाफ यह संघर्ष अंतिम जीत तक जारी रहेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, निर्वतमान सभासद संदीप अरोड़ा, सुरेंद्र चौधरी, संजीव खन्ना, मूलचंद राठौर, कुलदीप बग्गा, विवेक राय, कविता मान, प्रकाश पंत, सुरेंद्र चौधरी, चंदन जायसवाल, नितिन वाल्मीकि, ओम तनेजा, प्रकाश अरोड़ा, शैली फुटेला, धनीराम, नितिन फुटेला, श्याम सुंदर बिष्ट, महेंद्र पाल,देवेंद्र शर्मा, मलकीत सिंह, मुकेश कोली, राकेश गुप्ता, राकेश कश्यप, रामावतार अग्रवाल, रमन कोली, मिथुन मंडल, केतन कालरा, विशाल गुप्ता, राजकुमार कालरा, विक्की अरोड़ा, मलकीत सिंह, राजकुमार कोली, टीकम सिंह कोरंगा, हीरा सरकार, जितेंद्र गुप्ता, अमरनाथ कश्यप, सुनीता गंगवार, मीना शर्मा, प्रहलाद खुराना, शरीफ मलिक समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।





उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आपरेशन सिंदूर

आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले करके भारतीय सेना ने न केवल पहलगाम हमले का कड़ा जवाब दिया, बल्कि दुनिया के सामने अपनी रणनीतिक क्षमता का कुशल प्रदर्शन भी कर दिया है। इस हमले के बाद भारत सरकार को कूटनीतिक कामयाबी भी मिलती दिखने लगी है। इस अभियान की रणनीति तीनों सेनाओं ने मिल कर बनाई थी। हालांकि पाकिस्तान शुरू से शोर मचा रहा था कि भारत कभी भी उस पर हमला कर सकता है और इसके मद्देनजर उसने अपनी सामरिक तैयारियां तेज कर दी थी। मगर भारतीय सेना ने इतनी कुशलता से हवाई हमले किए और इतने सटीक निशाने साधे कि उसे समझने का मौका भी नहीं मिल पाया। यह सेना और सरकार की बड़ी सूझबूझ है कि पाकिस्तान के किसी नागरिक, सैन्य और आर्थिक ठिकाने पर निशाना लगाने के बजाय सिर्फ आतंकी ठिकानों को लक्ष्य कर ध्वस्त किया गया। इस तरह दुनिया में किसी को इसके विरोध में कुछ कहने का मौका नहीं रह गया है। चीन तक समझ नहीं पा रहा कि भारत के इस कदम को कैसे गलत ठहराया जाए। हमले के तुरंत बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों के अपने समकक्षों को फोन कर हमले की जानकारी दी। इस तरह पाकिस्तान की कूटनीतिक घेराबंदी भी कर दी गई है। आपरेशन सिंदूर के तहत मुख्य रूप से पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालयों तथा आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर हमले किए गए। उसके प्रमाण भी दुनिया के सामने पेश किए जा चुके हैं। माना जा रहा है कि इस हमले में इन आतंकी संगठनों से जुड़े काफी लोगों की जान गई है। भारतीय सेना ने वहां के जिन नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उनमें से चार पाक अधिकृत कश्मीर में और बाकी उसके पंजाब प्रांत में स्थित थे। शायद पाकिस्तानी सेना को अंदाजा नहीं था कि भारतीय सेना पंजाब प्रांत के भीतर भी हमला कर सकती है। उसने इस हमले की प्रतिक्रिया में भारत की सीमा पर कुछ नागरिक ठिकानों पर हमले किए हैं, पर उससे उसकी बौखलाहट ही जाहिर होती है।

# वेड इन उत्तराखंड: त्रिजुगी नारायण में शादी के लिए दुनिया भर से आ रहे हैं जोड़े

## सीजन में रहती है एडवांस बुकिंग, इस साल अब तक 500 से अधिक शादियां हुई



देहरादून (उद संवाददाता)। रुद्रप्रयाग जनपद में स्थित, शिव- पार्वती का विवाह स्थल त्रिजुगीनारायण वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा है। जहां देश विदेश से लोग सनातन परम्पराओं के अनुसार विवाह करने के लिए पहुंच रहे हैं। शादियों के सीजन में अब यहां हर महीने 100 से अधिक शादियां हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कई मौकों पर डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखंड की ब्रांडिंग कर चुके हैं। इसका असर, त्रिजुगी नारायण मंदिर में साफ तौर पर नजर आ रहा है। जहां लोग देश विदेश से डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए पहुंच रहे हें। इससे यहां होटल कारोबारियों से लेकर पंडे पुजारियों, वेडिंग प्लानर, मांगल टीमों और ढोल दमौ वादकों सहित कई अन्य लोगों को काम मिल रहा है। क्षेत्र की वेडिंग प्लानर रंजना रावत के मुताबिक, 07 से 09 मई के बीच सिंगापुर में कार्यरत भारतीय मूल की डॉक्टर प्राची, यहां शादी करने के लिए पहुंच रही है। इसके लिए उन्होंने जीएमवीएन टीआरएच बुक किया हुआ है। उन्होंने बताया कि इस साल अप्रैल माह तक ही यहां करीब पांच सौ शादियां हो चुकी है, जबकि 2024 में कुल छह सौ शादियां ही हुई थी। उन्होंने बताया कि अब तक यहां इसरो के एक वैज्ञानिक, अभिनेत्री चित्रा शुक्ला, कविता कौशिक, निकिता शर्मा, गायक हंसराज रघुवंशी, यूट्यूबर आदर्श सुयाल, गढ़वाली लोकगायक सौरभ मैठाणी के साथ ही कई, जानी मानी हस्तियां सात फेरे ले चुके हैं। मंदिर के पुजारी सच्चिदानंद पंचपुरी ने बताया कि यहां सनातन मतावलंबियों का विवाह वैदिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न होता है, इसके लिए पहले से रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। साथ ही माता-पिता या अभिभावकों की मौजूदगी में ही विवाह संपन्न होता है। उन्होने बताया कि सात फेरों के लिए मंदिर परिसर में ही वेदी बनाई गई है, इसके बाद अखंड ज्योति के साथ पग फेरा लिया जाता है। इसके अलावा अन्य सभी आयोजन, नजदीकी होटल और रिजॉर्ट में सम्पन्न किए जाते हैं। सीतापुर तक के होटल में अन्य विवाह समारोह भी स्थानीय पुजारियों द्वारा सम्पन्न कराए जाते हैं, इसके लिए दक्षिणा की दरें तय की गई हैं।

# पाकिस्तान से लिया नारी के 'सिंदूर' का बदला



भारत में नारी के सिंदूर का अपमान बहुत बड़ा अपराध है। राम-रावण और कौरव-पांडवों के बीच हुए युद्ध सीता एवं द्रोपदी के अपमान का ही प्रतिशोध रहे हैं। पहलगाम हमले में निर्दोश यात्रियों पर आतंकी हमले में सैनिक पति विनय नरवाल को खोने वाली हिमांशी ने जब खुद को भी मार देने की गुहार आतंकियों से लगाई, तो आतंकी का कहना था कि तुझे मोदी को खबर देने के लिए छोड़ा गया है। इस हमले में 26 हिंदुओं को उनकी पहचान करके मारा गया था। द्रोपदी का जब भरी सभा में चीरहरण किया जा रहा था, तब उसने अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए सभा में उपस्थित सभी महारथियों से पुकार की थी, लेकिन सभी लाचार दिखे। यही गुहार भीष्म पितामह से द्रोपदी ने लगाई और धर्म को लेकर एक सवाल किया। तब भीष्म ने उत्तर दिया, 'बेटी, धर्म राजा की सामर्थ्य से परिभाषित होता है।' अभी तक पाकिस्तान धर्म की घुट्टी पिलाकर 35 साल से भारत पर आतंकी हमले करता रहा है। लेकिन उसे सबसे मुकम्मल उत्तर अब जाकर मिला जब उसने आतंकी हमले के जरिए भारतीय नारियों के सुहाग छीन लिए और उनकी मांग का सिंदूर पोंछ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हमले के बाद कहा था कि इस बार आतंकियों को कल्पना से परे उत्तर दिया जाएगा। क्योंकि अब सवाल नारी से जुड़े धर्म का था। यह उत्तर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से 14 दिन के भीतर भारतीय सेना ने दे दिया। भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर मेंएक साथ नौ ठिकानों पर लक्षित हमले (एयर स्ट्राइक) 6 और 7 मई की अर्धरात्रि में बोल दिए। सभी स्थलों पर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। मिसाइलों से छोड़े गए शाक्तिशाली बमों ने भवनों समेत आतंकियों के कैंपों को ध्वस्त कर दिया। इन ठिकानों में पीओके में बाघ, कोटली, भीमबेर, चक अमरू और पाकिस्तान में मुजफ्फराबाद, गुलपुर, सियालकोट, मुरीदके और बहावलपुर शामिल हैं। इन हमलों में कितने आतंकी मारे गए, यह संख्या निश्चित नहीं है, लेकिन 100 से ऊपर अवश्य हैं। सेना ने विलक्षण प्रयोग करते हुए इस हमले की जानकारी मीडिया को ऑपरेशन सिंदूर में शामिल भारतीय सेना की लेफिनेट कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के माध्यम से दी। इन्होंने बताया '22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिजनों को न्याय देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया था। इसमें 9 आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त करने का लक्ष्य साधा गया और उन्हें पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया गया। किसी भी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया। अब तक पाकिस्तान में किसी भी तरह की नागरिक क्षति की कोई खबर नहीं है।' सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा दी गई इस जानकारी से तय हुआ कि भारत में हर वर्ग और धर्म से जुड़ी नारी का सम्मान बराबरी से किया जाता है। इस प्रेसवर्ता में विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 में मुंबई हमले के बाद सबसे बड़ा था। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा ने कराया था, जिसका संचालन पाकिस्तान से होता है। पहलगाम हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। यह लश्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा संगठन है, जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों की आतंकी हरकतों को ही अंजाम देता है। सेना ने कोटली अब्बास में जिस आतंकी शिविर को तबाह किया है, इसमें 1500 आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था। मुरीदके में मरकज तैयबा को ध्वस्त किया गया है। यही लश्कर का मुख्यालय माना जाता है। यहीं से मुंबई हमले का प्रमुख आतंकी अजमल कसाब ने प्रशिक्षण लिया था। इस जबाबी कार्यवाही के बाद भारत की कूटनीति अत्यंत सफल दिखाई दी है। भारत का अमेरिका, रूस, जापान ने खुलकर साथ दिया। तीनों सेनाओं ने इस जबावी कार्यवाही को संयुक्त रूप से सफलता के सोपान पर पहुंचाया। भारतीय सीमा से राफेल विमानों से जो मिसाइलें छोड़ी गईं, उन सभी ने अपने लक्ष्य साधे। पाकिस्तान को अशंका थी कि भारत प्रतिशोध लेगा। इसलिए उसने भारतीय मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने के नजरिए से चाइनीज माल एचक्यू-9 हवाई सुरक्षा के लिए तैनात किया हुआ था। लेकिन यह सुरक्षा कवच पाकिस्तान के लिए काम नहीं आया। भारत की सैन्य ताकत के सामने पूरी तरह असफल रहा। भारत ने अपनी उन्त मिसाइलों और चाक-चौबंद रणनीति के बूते पाक की हवाई रक्षा को नाकाम करते हुए चुन-चुनकर मिसाइलें दागीं। पाकिस्तान ने बाद में जबावी हमले में जेएफ-16 और 17 लड़ाकू विमानों ने हमले के लिए उड़ाने भरीं लेकिन भारत की आकाश मिसाइल ने इन्हें ध्वस्त कर दिया। यदि ऐसी ही जबावी कार्यवाही संसद और अन्य हमलों के बाद पाकिस्तान को दे दी गई होती तो आतंकी ठिकाने पनप ही नहीं पाते। 15 दिसंबर 2001 को जैशे- मोहम्मद के पांच आतंकियों ने संसद पर हमला बोला था। उस दिन एक सफेद एंबेडसर कार में आए इन आतंकवादियों ने 45 मिनट में लोकतंत्र के इस सबसे बड़े और प्रमुख मंदिर को गोलियों से छलनी किया। हमलाबरों से मुकाबले में अपने प्राणों की परवाह किए बिना सीआरपीएफ के पांच जवान शहीद हुए थे। इस हमले का मास्टरमाइंड अफजल गुरू था, जिसे बाद में 20 अक्टूबर 2006 को फांसी दे दी गई थी। इस हमले ने देश को बुरी तरह झकझोरा। इस समय अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, लेकिन अमेरिकी दबाव में पलटवार का कोई साहस नहीं जुटा पाए ? नतीजतन पाकिस्तान द्वारा निर्यात आतंक की यथास्थिति बनी रही। 26 नवंबर 2008 को मुंबई के ताज होटल समेत 10 आतंकियों ने चार ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में देशी-विदेशी 166 लोग मारे गए थे। तीन दिन तक महानगर आतंकियों का बंधक बना रहा। बमुश्किल सैन्य व सुरक्षाबलों की कार्रवाई ने नौ आतंकियों को मार गिराया और एक नाबालिग अजमल कसाब को जीवित पकड़ लिया। बाद में कसाब को 21 नवंबर 2012 को फांसी दे दी गई। इस समय आवाम की भावना उग्र आक्रोश के रूप में दिखी, किंतु सोनिया गांधी द्वारा शासित प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह कोई जवाबी करिश्मा नहीं दिखा पाए ? नतीजतन आतंक का निर्यात बरकरार रहा। इसके बाद 18 सितंबर 2016 को उरी में स्थित थल सेना के स्थानीय मुख्यालय पर हुए आतंकी हमले में 18 सैनिक शहीद हुए। हालांकि जवाबी कार्यवाही में चार आतंकियों को तत्काल मार गिराया गया था। किंतु जनता बड़ी कार्यवाही के लिए बेचैन होकर 56 इंची सीने के लिए जबरदस्त चुनौती बनकर पेश आई। परिणाम में मोदी ने साहस दिखाया और 29 सितंबर 2016 को पहली सर्जिकल स्ट्राइक की। थल सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर में करीब 20 किमी भीतर घुसकर जैशे-मोहम्मद के कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्यवाही से जनता को राहत तो मिली, लेकिन आत्म-संतोष नहीं हुआ। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले में जब 44 जवान शहीद हो गए तो देश आगबवूला हो उठा। 20 साल बाद देश पर यह बड़ा आतंकी हमला था। 12 मिराज विमानों ने ग्वालियर और बरेली से उड़ान भरी और बालाकोट, चकोटी व मुजफ्फराबाद में मौजूद जैश के आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया। इसमें 325 आतंकी और 25 से 27 प्रशिक्षु आतंकी मारे गए। इनमें चकोटी एवं मुजफ्फराबाद तो पीओके में हैं, किंतु बालाकोट पाकिस्तान के पख्तूख्वा प्रांत में है। 1971 के बाद यह पहला अवसर था कि भारत ने पाक की जमीन पर जबरदस्त बमबारी की और बिना कोई नुकसान उठाए युद्धक विमान और सैनिक सकुशल लौट आए। पाक को करारा सबक सिखाने की दृष्टि से सेना ने न केवल नियंत्रण रेखा पार की, बल्कि लक्ष्य साधने के लिए पाकिस्तान की मूल सीमा लांघने में भी कोई संकोच नहीं किया। इस प्रतिक्रिया से यह भी पैगाम गया है कि भारत अब लक्ष्य प्राप्ती के लिए कोई भी जोखिम उठाने को तैयार है। इस हमले और हमले में बरती गई कूटनीति से पाकिस्तान हतप्रभ है। संयुक्त राष्ट्र की प्रस्तावना की धारा 51 में प्रावधान है कि आत्मरक्षा के लिए कोई भी संप्रभु देश इस तरह की पहल के लिए स्वतंत्र है। इसीलिए ऐसे हमलों को गैर सैन्य रक्षात्मक अभियान (नॉन मिलेट्री प्रिवेंटिव स्ट्राइक) यानी आम बोली में सर्जिकल स्ट्राइक कहा जाता है। यह सैनिक अभियान नहीं था। क्योंकि इसमें न तो पाक सेना को निशाना बनाया गया और न ही पाक सैन्य ठिकानों को। इसमें किसी सैन्य भवन को भी हानि नहीं पहुंचाई गई। इस कार्रवाई में केवल जैश के आतंकी प्रशिक्षण शिविर निशाने पर थे, जो मस्जिदों में बनाए गए थे। इस अर्थ में भारत की यह कार्रवाई रक्षात्मक है। इस हमले के बाद भारत के पक्ष में जिस तरह विश्व समुदाय उठ खड़ा है, उससे पाक फिलहाल अलग-थलग पड़ गया लग रहा है। जाहिर है, मोदी ने अनेक देशों की यात्राएं करके जो द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंध राष्ट्रहित में बनाए हैं, वे अब फलीभूत होते लग रहे हैं। इसीलिए कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पाने की वजह से एक तो पाक बौखला रहा है, दूसरा उसका मनोबल भी टूट रहा है। चीन से उसे बड़ी उम्मीद थी, लेकिन चीन स्वहित पहले देखता है। वैसे भी इस समय पाक-पोषित आतंकवाद से अनेक मुस्लिम देशों सहित यूरोपीय देश भी पीड़ित हैं। मोदी ने वैश्विक आतंकवाद से लड़ने के लिए बीते 11 साल से जो मुहिम चलाई हुई है, वह एक रंग में रंगी दिखाई दे रही है। इसीलिए मोदी के नेतृत्व में भारत कूटनीतिक मोर्चे पर बहुत मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है। लिहाजा भारत को अब बिना देर किए पाक अधिकृत कश्मीर जो वास्तव में भारत का हिस्सा है, वहां हस्तक्षेप करने की जरूरत है। इस क्षेत्र में जो बलूची, सिंधी, पश्तून, गिलगित- बाल्टिस्तान और पीओके में जो अलगाववादी स्वतंत्रता की मांग कर रहे हैं, उसे प्रोत्साहन की तीली से सुलगाए रखने की जरूरत है। चूंकि पीओके भारत का हिस्सा है, इसलिए जैश से जो इलाके मुक्त हुए हैं, वहां सुरक्षाबलों के ठिकाने भी बनाए जा सकते हैं। पाक को आतंकी देश घोषित करने की मुहिम चलाई जानी चाहिए। इस समय भारत को पाक द्वारा परमाणु हमले का भय दिखाया जा रहा है। हालांकि पाकिस्तान के पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ ने कहा था कि पाक किसी अतिवादी हमले पर विचार न करे। यदि पाकिस्तान एक परमाणु बम पटका गया तो भारत 20 परमाणु बम पटकेगा। मोदी है तो यह मुमकिन होगा।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# पूर्व सीएम हरीश रावत की न्याय यात्रा पहुंची बागेश्वर

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, बाबा बागनाथ के दर्शन कर लिया आशीर्वाद, व्यापारियों का जाना हाल



बागेश्वर(उद संवाददाता)। कांग्रेस द्वारा प्रदेश में चल रही न्याय यात्रा तिरंगे झंडे के साथ धर्मनगरी बागेश्वर पहुंची।,न्याय यात्रा के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अपने पुत्र आनंद रावत के साथ पहुंचे। जहां बुधवार को वे जिला मुख्यालय बागेश्वर पहुँचे। जहां उन्होंने बाबा बागनाथ पहुंचकर कांग्रेस के युवा नेता आनंद रावत के साथ पूजा अर्चना की और बाबा बागनाथ का आशीर्वाद लिया। यहां पहुंचने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में उन्होंने आमजन से मुलाकात की। वही नगर में प्रमुख जलेबी और सब्जी, और अन्य व्यवसायियों की दुकान में पहुंचकर उनसे हालचाल जाना।जिसके बाद नगर के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने पत्रकारों सके सवालों का जबाब दिया। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का झूठा बयान दिया गया है। कहा कि भाजपा सरकार जनता को गुमराह कर रही है। पूर्व में केंद्र में कांग्रेस शासन में प्रदेश की दो रेल लाईन को राष्ट्रीय धरोहर में घोषित कर जल्द परियोजना निर्माण की हरी झंडी दी थी। पर वर्तमान में अब भाजपा सरकार इन परियोजनाओं को भाजपा शासन में स्वीकृत होने का झूठा दावा कर रही है।बागेश्वर–टनकपुर, और कर्णप्रयाग रेल लाइन निर्माण के लिए राष्ट्रीय परियोजना में पूर्व में स्वीकृत हुई थी, पर सत्ता बदलने से दोनों रेल लाइनों के निर्माण में देरी हुई है।उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विशेष अनुरोध करते हुए जल्द टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन निर्माण कराए जाने, दोनों रेल लाइन की मांग को राष्ट्रीय परियोजना के आधार पर जल्द पूरा करने, जनता को झूठे दावे नही करने, और नई रेल लाइन रामनगर चखोटिया गैरसैण, की रेल लाइन का निर्माण भी कराने की स्वीकृति केंद्र सरकार से कराने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करते हुए पाकिस्तान के प्रमुख आतंकी संगठनों के प्रमुख केंद्रों को ध्वस्त करने पर शाबासी दी। वही केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि देश मे भाजपा सरकार हिटलर साही की नीति पर चल रही है। वही कहा कि प्रदेश में भृस्टाचार चरम पर है। कमर तोड़ महंगाई ने गरीब लोगों की थालियों से निवाला छिनने का प्रयास किया है। प्रदेश में न्याय यात्रा प्रदेशवासियों को संवैधानिक आधार पर न्याय दिलाने, समाजिक आधार पर महंगाई, पलायन रोकने, आजीविका के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिभर बनाने की आवश्यकता है।, केंद्र सरकार ने जलजीवन मिशन के तहत पेयजल उपभोक्ताओं को केवल नल देकर उन्हें समुचित पानी नही दिए जाने से लोगों में आक्रोश है। 2022 में प्रदेश में मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने का दावा भी झूठा निकला। कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाते है।

### चुनाव लड़ूंगा नही,कांग्रेस को सत्ता में वापिस लाऊंगा

बागेश्वर। एक सवाल के जबाब में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें जनता के विकास के लिए कम समय मिला, सत्ता में रहते हुए आमजन के विकास के लिए कार्य किए गए। अगले चुनावो में चुनाव लड़ने के सवाल का जबाब देते हुए उन्होंने कहा कि वे चुनाव नही लड़ेंगे और जनता के बीच रहकर कांग्रेस को पुन: सत्ता में वापस लाने का कार्य करेंगे। ।इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा,युवा कांग्रेसी नेता आनन्द रावत, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला,र्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी,पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, देवेंद्र परिहार,गोकुल परिहार, आनंद रावत, राजेंद्र टंगड़िया, बबलू नेगी, गिरीश कोरंगा, उपस्थित थे।

## मीट मछली विक्रेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र के मीट मछली विक्रेताओं ने भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कई मांगों को लेकर के उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र से भेंट कर एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मीट मछली विक्रेताओं ने कहा कि वे वर्षों से सड़क किनारे विभिन्न स्थानों पर मीट मछली बेचने का कार्य करते आ रहे हैं किंतु कुछ समय से अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान के चलते उनको अपने फड़ों को हटना पड़ा है जिस वजह से उनके आगे रोजी–रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ज्ञापन में कहा कि उन्हें शासन प्रशासन द्वारा निश्चित निश्चित स्थान पर व्यवसाय करने की अनुमति प्रदान की जाए। पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना ने उप जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि मीट मछली विक्रेताओं की रोजी–रोटी की समस्या को देखते हुए उन्हें व्यवसाय करने के लिए स्थान चिन्हित कर मीट मछली विक्रेता का लाइसेंस आवंटित करते हुए अनुमति प्रदान की जाए। इस पर उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने सभी मीट मछली व्यापारियों को कहा है कि वह उनके व्यापार के लिए व्यवस्था करने के लिए स्थान चिन्हित कर रहे हैं किंतु सड़क किनारे खुले में तथा गंदगी में किसी भी प्रकार का मीट मछली बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण भी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवीन मंडी के सचिव से वार्ता के उपरांत फुटकर मीट मछली विक्रेताओं को नियमानुसार व्यापार करने के लिए स्थान देने का आग्रह किया जाएगा। इस पर भाजपा नेता मुकेश कोहली ने कहा कि नवीन मंडी सचिव से वार्ता करके फुटकर मीट मछली विक्रेता मार्केट बनाए जाने की मांग की जाएगी।

## नगर पालिका द्वारा व्यापक सफाई अभियान जारी

गदरपुर(उद संवाददाता) । मेरा शहर मेरा परिवार !! स्वच्छता अभियान को साकार करते हुए मानसून सीजन से पूर्व शहर में चल रही नदी,नालों की सफाई व्यवस्थाओं का नगर पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर द्वारा टीम के साथ निरीक्षण किया गया । पर्यावरण मित्रों एवं पालिका कर्मियों द्वारा किए जा रहे सफाई अभियान में नहरों,नालियों एवं अन्य स्थानों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के तहत रेड रोज कान्वेंट से इंटर कॉलेज के सामने वाली नहर की तली झाड़ सफाई जारी है पालिकाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि विशेष अभियान के तहत नहर की तली झाड़ सफाई करने के साथ अन्य स्थानों पर भी व्यापक सफाई करवाई जा रही है । उन्होंने सभी नगर वासियों से सफाई अभियान में सहयोग करने की अपील की उन्होंने कहा कि नहरों,नालियों एवं सड़कों पर कूड़ा ना फेंक कर डस्टबिन में डालें ताकि सफाई व्यवस्था सुचारू हो सके।



## सेना के जवाब को मेरा नमन: सुमित

हल्द्वानी । भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का मुँहतोड़ जवाब दिया है। इसके लिए भारत सरकार और हमारी भारतीय सेना को साधुवाद और नमन करता हूँ। जारी एक बयान में विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इस टार्गेटेड स्ट्राइक में जिन आतंकीयों के ठिकानों को ध्वस्त किया गया, उन्होंने हमारे देश की बेटियों का सिंदूर मिटाया था आज उसका हिसाब चुकता हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह उन बेटियों को सलाम करते हैं जो भारत की विजय बनकर उभरीं। लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की रणनीति और सफलता को पूरे देश के सामने जिस गर्व और दृढ़ता के साथ रखा, वह प्रेरणादायक है। यह स्पष्ट संदेश है कि पाकिस्तान के लिए हमारी देश की बेटियाँ ही काफी हैं।

## छः माह बाद दर्ज हुई बाइक चोरी की रपट

काशीपुर। जसपुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट के सामने से चुराई गई मोटरसाइकिल का मामला घटना के लगभग 6 माह बाद दर्ज हो सका। पुलिस को दी तहरीर में कुंडेश्वरी निवासी सचिन कुमार पुत्र ज्ञान चंद्र ने बताया कि वर्ष 2024 की 22 सितंबर को उसकी मोटरसाइकिल आर 15 संख्या यूके 18 क्यू/7828 जसपुर रोड स्थित पवार रिजॉर्ट के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गाड़ी का इंश्योरेंस खत्म होने के कारण उसने मामला पुलिस के संज्ञान में नहीं आने दिया। शिकायतकर्ता नहीं यह भी बताया कि उसके द्वारा तमाम संभावित स्थानों पर मोटरसाइकिल को तलाशने का प्रयास भी किया गया लेकिन गाड़ी का पता नहीं चला। घटना के लगभग छः माह बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

## घर से दिल्ली गया युवक लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक पखवाड़ा पूर्व घर से दिल्ली के लिए रवाना हुआ युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी है। मीना पत्नी विनोद विश्वकर्मा निवासी शिव नगर गली नंबर 9, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 21 अप्रैल को सांय उसका 16 वर्षीय पुत्र प्रिंस घर से दिल्ली जाने के लिये निकला था परंतु न तो वह दिल्ली पहुंचा न ही घर वापस आया। उसने पुत्र की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है लेकिन मेरे पुत्र का कही कुछ पता नही चल रहा है। परिजनों ने पुलिस से उसकी खोजबीन करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने प्रिंस की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**हेलिकॉप्टर हादसे में ...**खराब मौसम और तकनीकी खराबी को संभावित वजह माना जा रहा है। इस दुर्घटना के बाद ऐहतियातन गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा से संचालित केदारनाथ हेली सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। हेलिकॉप्टर हादसे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने एवं हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं राज्यपाल गुरमीत सिंह ने भी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी है।

**ड्यूटी में लापरवाही की ...**की। उन्होंने नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक ने कोतवाली के प्रत्येक कार्य का भी गंभीरता से संज्ञान लिया। किन मुकदमों में पुलिस ने कैसे और कहां तक कार्यवाही की! जांच में देरी! चार्जशीट में देरी अथवा त्रुटियों का कारण! जिसका लाभ अक्सर अपराधियों को मिल जाता है जैसे बिंदुओं पर पुलिस महानिरीक्षक ने मातहत अधिकारियों के पेंच कसे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार काशीपुर पहुंची पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दायित्वों में कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संगठनात्मक जनपद काशीपुर के सभी थाना चौकियों की व्यवस्थाओं के बारे में तफसील से जानकारी ली। आईजी ने स्मार्ट पुलिसिंग पर भी जोर दिया। कहा कि भविष्य में खाकी को और भी हाईटेक किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र, पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी पुलिस दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक अमर चंद्र शर्मा समेत बड़ी तादाद में आसपास के थानों की थाना अध्यक्ष, चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

**आईजी की तल्खी देख...**आईजी ने क्लास भी लगाई। पुलिस महानिरीक्षक के तल्ख तेवर देख अफसरों की सांसे गले में अटकी रही। उन्होंने साफ कहा कि कार्यों में लापरवाही मिलने पर अथवा शिकायत की पुष्टि होने पर अधिकारी सस्पेंड रहने के लिए तैयार रहें। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि गुड वर्क करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

**टेंडर कमेटी से मेयर और पालिकाध्यक्षों ...** के जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन हुआ है। साथ ही इससे निकायों में विकास कार्य भी प्रभावित होंगे। प्रतिनिधि मण्डल की मांग पर सीएम धामी ने टेंडर समिति से निकाय अध्यक्षों को हटाने के निर्णय को वापस लेने और पुरानी व्यवस्था बहाल करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही प्रतिनिधि मण्डल ने सीएम धामी से निकायों के कार्यक्षेत्र की अनुसूची में शामिल नये कार्यों भूमि उपयोग, नगर नियोजन, जल आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को भी नगर निकायों के अधिकार क्षेत्र में शामिल करने की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि इन महत्वपूर्ण कार्यों को नगर निकायों को हस्तांतरित नहीं किये जाने से जमीनी स्तर पर कार्य करने में समस्याएं उत्पन्न हो रही है। साथ ही सरकार की सरलीकरण संतुष्टीकरण व समाधान की योजना को सफल बनाने में भी अड़चनें आ रही है। सीएम धामी ने इस मामले में आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। सीएम से मिलने वालों में मसूरी की चेयरमैन मीना सकलानी,गोपेश्वर के चेयरमैन संदीप रावत, डोईवाला के नरेन्द्र नेगी, हरबटपुर की चेयरमैन नीरू देवी आदि भी शामिल थे।

**होटल में बंधक बनाकर...**को किच्छा बुलाया था। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने किच्छा में बरेली मार्ग स्थित होटल नीलकंठ के कमरे में पीड़ित को बुलाया और बंधक बनाते हुए तमंचे की नोंक पर पर्स लूट लिया तथा पर्स में 8 हजार रुपए की नगदी के अलावा आधार कार्ड व अन्य कागजात रखे हुए थे। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने मोबाइल वॉलेट नंबर से कॉइन ट्रांसफर कर ली और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एफआईआर दर्ज करने के बाद थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में टीम का गठन कर मामले की जांच तथा आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने बुधवार को सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम सनुवा, थाना सीबीगंज, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी आरोपी बच्चन सैफी पुत्र अलीमुद्दीन को थाना अंतर्गत बहेड़ी मार्ग पर राजपूत ढाबे के निकट से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी बच्चन सैफी के कब्जे से पीड़ित का लूटा गया पर्स, आधार कार्ड आईडी तथा 1400 रुपए की नगदी बरामद कर कब्जे में ले ली। फिलहाल पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 317 (2) की बढ़ोत्तरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के अनुसार चार आरोपियों द्वारा पीड़ित फैसल रियाज को बंधक बनाकर तमंचे की नोक पर होटल में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि घटना में फरार चल रहे बरेली निवासीगण पत्रकार शाहबाज बेग, तस्लीम खान एवं शाहिद अली की सरगर्मी से तलाश की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के साथ उप निरीक्षक धीरज वर्मा, उप निरीक्षक पंकज कुमार एवं पुलिसकर्मी महेंद्र सिंह शामिल रहे।

**सड़क हादसे में...** में काम के लिए गया था। रात को वह बाईक संख्या यूके 06के 6828 से वापस घर लौट रहा था। टाडा मोड़ पर उसकी बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। काफी देर तक वह सड़क किनारे बेसुध पड़ा रहा। सिर पर चोट लगने से उसका काफी खून बह चुका था, किसी ने सूचना 108 को दी जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस शव को मोर्चरी ले आई। आज सुबह छानबीन करने पर मृतक की शिनाख्त हुई और उसके परिजनों को सूचना दी गयी। युवक की मौत की खबर से परिजनों से हड़कम्प मच गया। मृतक शादी शुदा था। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समाजसेवी ललित बिष्ट समेत तमाम लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधाया।

**सिडकुल कर्मी की मौत...**पता तुलसी द्वार किच्छा रोड लालपुर के अन्दर मौजूद कर्मचारी अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उसका भाई राकेश यादव निवासी वार्ड 39 आवास विकास रूद्रपुर मैसर्स वरना लोजिस्टिक, तुलसी द्वार किच्छा रोड लालपुर में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत था । 15 फरवरी 2025 को राकेश यादव अपनी डयूटी पर गया था परन्तु 16 फरवरी को सांय कम्पनी से सूचना मिली कि तुम्हारे छोटे भाई को चोट लग गयी है और वह जिला चिकित्सालय में भर्ती है। जब हॉस्पिटल पहुँचा तो देखा उसका भाई बेहोश था तथा उसके सिर पर काफी गहरी चोट लगी हुई थी। भाई की स्थिति ज्यादा खराब होने के कारण उसे निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान 22 फरवरी को उसकी मृत्यु हो गयी । रनवीर का आरोप है कि उसे पूर्ण विश्वास है कि उसके भाई राकेश यादव के साथ उसकी कम्पनी में डियूटी के दौरान साजिशन मारपीट की गई है और उसे गहरी चोटें पहुँचायी गयी है, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। कम्पनी द्वारा साक्ष्य को प्रभावित करने का पूर्ण प्रयास किया गया होगा। उक्त कम्पनी के सीसीटीवी डिवाईस एवं कैमरो को जब्त करना आवश्यक एवं न्यायोचित है । घटना की तहरीर थाना प्रभारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संदिग्ध हालातों में...** जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। भाई नन्हे ने बताया कि मृतक हरिओम की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी और वह तीन भाईयों में मंझला था। पुलिस जांच कर रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# चेतावनी के बावजूद बाजार में 'ठेलियों का ठिकाना' बरकरार

## मेयर की गांधीगिरी और चेतावनी, दोनों ही दिखे बेअसर, शाम होते ही ठेलियों से गुलजार हो जाता है बाजार

-अर्श-

रुद्रपुर। माना जाता है कि कोई भी नया सुधार अथवा नई व्यवस्था जन सहयोग के बिना फलीभूत नहीं हो पाती।, यह बात रुद्रपुर शहर के मुख्य बाजार में पूरी तरह लागू होती दिखाई पड़ रही है, जहां जन सहयोग के अभाव में रुद्रपुर के मेयर की गांधीगिरी और चेतावनी दोनों ही बेअसर नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि रुद्रपुर के मुख्य बाजार में जाम का झाम का रोना एक अरसे से चला आ रहा है। जाम के झाम से निपटने के लिए प्रशासन एवं रुद्रपुर नगर निगम द्वारा समय-समय पर कई सकारात्मक उपाय किए गए। इस क्रम में नगर निगम रुद्रपुर द्वारा वेंडिंग जोन का निर्माण कर मुख्य बाजार में लगने वाली अधिकांश ठेलियों, फड़ एवं खोखों को नवनिर्मित वेंडिंग जोन में विस्थापित करके मुख्य बाजार में आए दिन लगने वाले जाम की समस्या को काफी हद तक दूर किया गया। परंतु ,उपरोक्त विस्थापन के बावजूद कुछ खाने-पीने की ठेलियां बाजार में जहां-तहां बदस्तूर लगती रही। विगत दिनों रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा की पहल पर मुख्य बाजार में जहां-तहां लगने वाले वाली खाने की ठेलियों को गांधी पार्क के सामने स्थित छोटे वाले पार्क में स्थान दे दिया गया और आगे चलकर इन्हें वेंडिंग जोन में स्थाई रूप से विस्थापित करने का आश्वासन भी दिया गया। नगर



निगम के उपरोक्त उपायों के बाद तो कायदे से शहर के मुख्य बाजार में लगने वाली ठेलियां पूरी तरह गायब हो जानी चाहिए थी ,मगर ऐसा जान पड़ता है ,जैसे शहर के मुख्य बाजार ने नगर निगम के तमाम प्रयासों को पलीता लगाने की कोई कसम-सी खा रखी है। वह इसलिए, क्योंकि इधर दिन में नगर निगम का अमला फुटपाथ पर लगाए जाने वाले सामानों को जप्त करने तथा चालान की की कार्यवाही करता है और रुद्रपुर के मेयर मुख्य बाजार के व्यापारियों को गुलाब का फूल देकर फुटपाथ पर अतिक्रमण न करने की गुजारिश करते हैं ,उधर शाम होते ही रुद्रपुर का मुख्य बाजार ठेलियों, फड़ एवं खोखों से गुलजार हो जाता है तथा दुकान के सामने फुटपाथ पर सामान भी सजा दिया जाता है। देखने में आया है कि मुख्य बाजार के कतिपय व्यापारी अपनी दुकान के सामने अभी भी ठेली वालों को व्यापार करने की जगह दे कर समस्या को और भी गंभीर बना रहे हैं रहे हैं । बताया जाता है कि इसके एवज में ठेली वालों से नजराना भी प्राप्त किया जा रहा है। परिणामतः शाम को बाजार गुलजार होते ही जाम की समस्या पूर्ववत विकराल रूप में सामने आ जाती है और प्रशासन के तमाम सुधारात्मक उपाय निष्प्रभावी नजर आने लगते हैं। ऐसे में प्रशासनिक सख्ती के अलावा और कोई उपाय शेष नहीं रह जाता, लेकिन यह प्रशासनिक सख्ती भी एक सीमा तक , रोज दो रोज ही की जा सकती है। निर्धारित लक्ष्य तो अंततः जन सहयोग से ही प्राप्त किया जा सकेगा ।लिहाजा, अब देखना यह होगा कि इस दिशा में शहर के प्रबुद्ध जन कब आगे आते हैं।




# खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण के तरीकों में बदलाव जरूरी: अशोक अग्रवाल

## केएलए के निदेशक ने धनबाद आईआईटी में दिया व्याख्यान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केएलए फूड इंडिया लिमिटेड के निदेशक अशोक अग्रवाल ने धनबाद में आईआईटी आईएसएम के शताब्दी समारोह में आयोजित मिशन लाईफ कीनोट व्याख्यान श्रृंखला के तहत विशेष व्याख्यान सह संवाद सत्र में बतौर मुख्य वक्ता प्रतिभाग किया। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से उत्पन्न पर्यावरणीय खतरों पर चर्चा करते हुए सतत खाद्य प्रणाली, हरित ऊर्जा और सर्कुलर इकोनॉमी जैसे समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। अशोक अग्रवाल कहा कि वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का लगभग एक तिहाई हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। इसे कम करने के लिए तकनीकी नवाचार और व्यवहार परिवर्तन जरूरी है। बतौर मुख्य वक्ता अशोक अग्रवाल ने कहा कि कृषि आधारित औद्योगिक प्रणालियां पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु लचीलापन में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने खाद्य उत्पादन और प्रसंस्करण के तरीकों में बदलाव लाने के लिए व्यवहारिक और अपनाने योग्य उपाय भी बताये। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अनुसार वैश्विक ग्रीन हाउस गैस



उत्सर्जन का लगभग एक तिहाई हिस्सा खाद्य प्रणाली से आता है। सत्र में सतत विकास लक्ष्य 12 (जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन), सतत औद्योकि प्रथाओं और मिशन लाईफ को आगे बढ़ाने में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों की साझेदारी की भूमिका पर भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम का आयाजन आईआईटी आईएसएम धनबार के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा और उपनिदेशक प्रो. धीरेज कुमार के सहयोग से किया गया। इसका संचालन पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख ईआईएसीपी (पीसी-आरपी) के समन्वयक प्रो. आलोक सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रो. विश्वजीत पॉल, एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. सुरेश पांडियन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में केएलए के निदेशक को आयोजकों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# हादसे में बाल बाल बचे संत प्रेमानंद महाराज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मथुरा के वृंदावन में प्रतिष्ठित संत प्रेमानंद महाराज एक हादसे से उस समय बाल बाल बच गए जब वह नित्य की भांति पदयात्रा कर परिक्रमा कर रहे थे और अचानक उनके स्वागत के लिए लगाए गए लोहे के भारी ट्रेस का एक हिस्सा भीड़ के दबाव में उनके पास आ गिरा। संत प्रेमानंद श्रद्धालुओं की हजारों की संख्या में मौजूद भारी भीड़ के बीच प्रतिदिन पदयात्रा करते हैं।श्रद्धालुजनों द्वारा उनके स्वागत के लिए मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सजावट और स्वागत द्वार बनाए जाते हैं। इसी दौरान एक स्थान पर लोहे से बना एक भारी ट्रेस संत के स्वागत के लिए



लगाया गया था। लेकिन भीड़ के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह संत के बिल्कुल सामने गिरने ही वाला था। तभी समीप ही जा रहे श्रद्धालुओं ने जब यह नजारा देखा तो उन्होंने तुरंत संत प्रेमानंद महाराज जी को सुरक्षित बचाते हुए मौके से आगे पदयात्रा के लिए रवाना किया। उनके आगे बढ़ते ही चंद क्षणों के बाद लोहे के भारी ट्रेस का हिस्सा नीचे आ गिरा। संत प्रेमानंद महाराज जी के सकुशल बच जाने पर सभी श्रद्धालुओं ने ईश्वर को नमन किया। गौरतलब हो कि संत प्रेमानंद महाराज जी को न सिर्फ भारत वर्ष वरन विश्व कई देशों में भी उनके अनुयायियों द्वारा आदर सम्मान किया जाता है।

